तापमान

अधिकतम 25 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 नीराबाई के नाम जारी टोकन में उनके परिचित ने धान बेचा





12 मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता सेवाओं की...




## खबर संक्षेप

### सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**धमतरी।** रूद्री रोड स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव आज 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, एकांकी भाषण, नृत्य आदि प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में पालक संपर्क भी होगा।

### साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की बैठक आज

**धमतरी।** साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा की बैठक रविवार को सुबह दस बजे से परिक्षेत्रीय साहू भवन में आयोजित की गई है जिसमें प्राप्त आवेदन पर विचार विमर्श कर निराकरण किया जायेगा। बैठक में सभी अठारह गांवों के सामाजिक पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने की है।

### देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम इकाई दरबा में 10 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे रखी गई है। बैठक में देवांगन समाज के वार्षिक सम्मेलन सहित मां परमेश्वरी महोत्सव मनाने झांकी निकालने जैसे आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी विष्णु देवांगन सचिव सिर्री मंडल ने दी।

### गोंड समाज मुड़ा झिरिया का वार्षिक सम्मेलन आज

**पुरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुड़ा झिरिया का वार्षिक सम्मेलन 10 जनवरी शनिवार को ग्राम दोनर में आयोजित है। मुख्य अतिथि जीवराखन मरई जिला संरक्षक आदिवासी ध्रुव गोंड समाज धमतरी होंगे।

### पीजी कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षा आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में स्नातक स्तर के सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत सीएजीई 01, कम्प्यूटर फंडामेण्टल एण्ड एमएस ऑफिस एवं आईटीजीई 01 कम्प्यूटर फंडामेण्टल एण्ड एमएस ऑफिस की प्रायोगिक परीक्षा 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ अनिवार्यतः उपस्थित रहें।

### अटंग में सत्संग 12 से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी तक साईं मंदिर के समीप समरसता भवन में सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता समेंद्र साहेब नवापारा, अनिल साहेब संकरी, मुक्तिशरण साहेब, गुरुभूषण साहेब होंगे।

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव, टीकाराम साहू, रूपचंद साहू प्रेमनारायण साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।

### कोलियारी में मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी।

रोजगार के साथ अधोसंरचना मूलक कार्यों को दी जायेगी प्राथमिकता

# जी-राम-जी योजना से विकसित ग्राम पंचायत बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी सत्र के साथ वीबी जी-राम-जी योजना का आगाज हो जाएगा, इसमें विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ ग्रामीण विकास कार्य ढांचे को संरक्षित किया गया है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में पहले 100 दिन का प्रावधान था। अब 125 दिवस की रोजगार गारंटी होगी। पूर्व में प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत की गई है। विकसित ग्राम पंचायत की अवधारणा में पारदर्शिता के लिए जीआईएस, जीपीएस, ई-केवाईसी, बायोमेट्रिक प्रणाली का उपयोग होगा।

मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, गहरीकरण कार्य के लिए बड़ी संख्या में मजदूर काम करते दिखते थे। वह आगामी सत्र से नजर नहीं आएंगे। अब गांवों में स्कूल बाउंड्री, खेल मैदान, आंगनबाड़ी जैसे ग्रामीण अवसंरचना निर्माण में ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका संबंधित अंधोसंरचना का निर्माण होगा। ग्रामीण जनपतिनिधियों का कहना है कि जी-राम-जी योजना में रोजगारमूलक नहीं अधोसंरचनामूलक कार्यों को तवज्जो दी जाएगी।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन वीबी जी-राम-जी अप्रैल 2026 से शुरू हो जाएगी। इस योजना में 4 प्रवर्गों पर कार्य किए जाएंगे। पहले प्रवर्ग में जल सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत जल संरक्षण, संवर्धन के समस्त कार्य किए जाएंगे। दूसरे प्रवर्ग में मुख्य ग्रामीण अवसंरचना निर्माण के कार्य होंगे, जिसमें पुस्तकालय, नाली, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, लोक भवन, लैब, अतिरिक्त, खेल मैदान, स्कूल बाउंड्री, मुक्तिधाम, परिवहन रोड और ऊर्जा के लिए अधासंरचना, जल जीवन मिशन सृजित कार्यां का रखरखाव, स्वच्छता रोड शामिल है।

तीसरे प्रवर्ग में जीविका संबंधित अधोसंरचना निर्माण को रखा गया है, जिसमें कौशल विकास शेड, ग्रामीण हाट बाजार, पीडीएस शॉप, भंडारण संरचना, स्वसहायता समूहों के लिए भवन, एग्री अलाइड गतिविधि के लिए शेड, नर्सरी निर्माण का कार्य होगा। पांचवें प्रवर्ग में आपदा से निपटने संबंधित कार्य बाढ़ आश्रय स्थल, नहर एवं तटबंध निर्माण, वायु अवरोधक पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। जी-राम-जी योजना में सात दिवस में मजदूरी भुगतान की सुविधा होगी। विलंब की दशा में मजदूरी भत्ता 0.05 प्रतिशत प्रति दिवस मिलेगा।



### रोजगार का सृजन कम होगा, ठेकेदारी होगी हावी

बलियारा के पूर्व सरपंच सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि जी-राम-जी योजना में रोजगार के अवसर कम होंगे। अधोसंरचना के कार्यों के कारण ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए योजना ठीक है। वर्तमान मनरेगा में 50 से 60 दिन का काम नहीं मिल पा रहा है। जी-राम-जी में 25 से 30 दिन का काम मिल जाए, वही बहुत होगा।

### कर्मचारी-अधिकारियों को वेतन के लाले

सत्र 2025-26 में मनरेगा के तहत बजट जारी नहीं से पेंडिंग कार्य किया जा रहा है। प्रमुख रूप से आवास निर्माण में हितग्राही को 90 दिन का रोजगार दिया जा रहा है। अतिरिक्त कार्य नहीं होने से मनरेगा के तहत जुड़े अधिकारी, कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। बताया जा रहा है कि 6 माह में वेतन मिल रहा है। दीपावली के बाद अब तक वेतन नहीं मिलने से मनरेगा के अधिकारी, कर्मचारी उधार का जीवन जीने को मजबूर हैं। वहीं कार्य का स्वरूप बदलने से मनरेगा अधिकारी, कर्मचारियों को छंटनी की चिंता सताने लगी है।

# कांग्रेसियों ने महापौर का पुतला फूंका

- सेना भर्ती की आड़ में नगर निगम पर लूट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





धमतरी में प्रस्तावित सेना भर्ती की तैयारियों को लेकर नगर निगम पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और नियमों की खुलेआम अनदेखी के गंभीर आरोप लगे हैं। इन आरोपों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम महापौर रामू रोहरा का पुतला दहन किया और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा सेना भर्ती व्यवस्था के नाम पर लगभग 50 लाख रुपये के कार्यों में भारी घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि कुर्सी, टेंट, माइक सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए 26 दिसंबर को निविदा जारी की गई थी, जबकि नियमानुसार कार्यादेश 7 जनवरी को जारी होना था। इसके बावजूद टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही अपने करीबी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य शुरू करा दिया गया और अधिकांश काम पहले ही पूरा कर लिया गया।

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि नगर निगम की कार्यप्रणाली पर अब खुद सत्तापक्ष के एमआईसी सदस्यों द्वारा भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्यादेश के काम कराना, टेंडर प्रक्रिया को मजाक बनाना और मनमाने ढंग से भुगतान की तैयारी करना साफ तौर पर भ्रष्टाचार को दर्शाता है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वेल्डिंग मशीन खरीदी, डीजल-पेट्रोल सप्लाई, चेन माउंटेन और अन्य कार्यों में अनियमितताओं के आरोप सामने आ चुके हैं। पार्टी का दावा है कि कुछ पार्षद और जिम्मेदार पदाधिकारी ठेकेदारों पर दबाव बनाकर मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्टी ने संकेत दिए हैं कि राज्य स्तर से लेकर जांच एजेंसियों तक शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सूर्यप्रभा चेट्टियार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पार्षद उपस्थित रहे।

कांग्रेस का आरोप है कि सेना भर्ती जैसे संवेदनशील आयोजन को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जा रहा है, जो बेहद गंभीर और निंदनीय है।

# चरमुड़िया आईटीआई की हालत खराब

- प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण अधिकारी तथा ट्रेड सामग्री की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुरूद आईटीआई चरमुड़िया के छात्र सिर्फ उपस्थिति के लिए रह गए हैं। प्रशिक्षण अधिकारी और ट्रेड से संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं होने की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

चरमुड़िया आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी ओम दिवाकर, धर्मप्रकाश ध्रुव, मोहितकुमार, निलेश, विकास, लिखिल, अभिषेक, सागर आदि ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि कुरूद आईटीआई चरमुड़िया में ट्रेड/डीएमसी ड्राफ्टमेन सिविल प्रशिक्षण अधिकारी जनवरी 2025 से नहीं है। 12 नवंबर को कलेक्टर को इस संबंध में आवेदन दिया गया था जिसका समाधान अब तक नहीं किया गया है। उन्हें सिर्फ उपस्थिति के लिए बुलाया जाता है।

कुछ समय पहले फर्स्ट और सेकेंड वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए थ्योरी पढ़ाने बाहर से 10 से 12 दिनों के लिए प्रशिक्षक बुलाया गया। पढ़ाई नहीं होने के कारण फर्स्ट वालों का पेपर अच्छा नहीं गया। वहीं सिविल से संबंधित कोई जानकारी अच्छी नहीं है। ड्राफ्टमेन में सिविल से संबंधित सामग्री 30 प्रतिशत है जो खराब हो चुकी है। इससे प्रायोगिक कार्य में समस्या आ रही है। चरमुड़िया आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

सड़क के दोनों ओर 2 किमी तक लंबा जाम, चालक-परिचालक बाल-बाल बचे

# नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







जिले से लगे जगदलपुर-धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आमने-सामने से आ रहे दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर चिपट गया। गनीमत रही कि दोनों ट्रक के चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे की है। एक ट्रक जगदलपुर की ओर से आयरन ओर भरकर धमतरी की तरफ आ रहा था, जबकि सीमेंट से भरा दूसरा ट्रक धमतरी की तरफ से जगदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पुरुर व टोल प्लाजा के बीच नेशनल हाईवे पर दोनों ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई।

हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी टक्कर का शिकार होने से बाल-बाल बचे। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस जाम को हटाने में जुटी रही और वाहनों को बारी-बारी से निकाला। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 14 गाड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 14 वाहन जब्त कर चालकों को न्यायालय का रास्ता दिखाया है।

- सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा 3 से 7 जनवरी तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 14 वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। धारा एमवी एक्ट 185 के तहत 10 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है।

अभियान के तहत मगरलोड थाना क्षेत्र में सोमवार को एल्कोमीटर से जांच के दौरान शराब सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाए जाने पर उनके वाहन जब्त किये गए। वहीं चालक आरोपी धनेश्वर ध्रुव पिता सुखदेव 28 वर्ष ग्राम नवागांव थाना मगरलोड, सोमप्रकाश सिन्हा पिता महानंद उम्र 32 वर्ष ग्राम बोरिदकला, डिगेंद्र कंवर पिता नाथूराम 21 वर्ष नवागांव थाना मगरलोड, कलीराम पटेल पिता विश्राम 30 वर्ष ग्राम मेघा के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इसी तरह भखारा थानाक्षेत्र के सेमरा मोड़ चेक पाइंट पर रामकृष्ण साहू पिता शत्रुहन 21 वर्ष ग्राम भगरघटा की पिकअप, कीर्तन ध्रुव पिता मन्नू 38 वर्ष ग्राम सिलतरा की मोटरसाइकिल, हरीश केशरी 45 वर्ष ग्राम खपरी के मोटरसाइकिल, गोवर्धन साहू पिता अंकालुराम 25 वर्ष ग्राम रानीतराई की मोटरसाइकिल, मोहित पिता कमलूराम 27 वर्ष ग्राम सेमरा की मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की गई। अंबेडकर चौक व अन्य स्थानों पर लगे चेकिंग पाइंट में राजेश साहू पिता डेरहाराम 23 वर्ष टिकरापारा, ईश्वर पिता दशरथ 45 वर्ष साहूपारा, कमलेश्वर साहू पिता पुनेश्वर 38 वर्ष ग्राम विश्रामपुरी, गुलशन साहू पिता चेतन 27 वर्ष ग्राम सिर्री व डुमेश्वर साहू पिता लक्ष्मण उम्र 31 वर्ष ग्राम पोटियाडीह के खिलाफ कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

### सड़क हादसे में कॉलेज छात्र-छात्रा घायल



रूद्री रोड की घटना बाइक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**धमतरी।** अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार छात्र-छात्रा को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुकोर निवासी योगेश पिता संतोष मरकाम उम्र 21 वर्ष व डिगेश्वरी साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम बकोरी निवासी कॉलेज छात्रा हैं। शुक्रवार को दोनों अपने-अपने गांव से कालेज गए थे। दोनों घूमने के उद्देश्य से अंबेडकर चौक से होते हुए रूद्री मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार छात्र-छात्रा को अमलतासपुरम कॉलोनी के पास ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर की ठोकर से योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं छात्रा को भी चोट लगी है। घटनास्थल के पास स्थित मोबाइल दुकान के संचालक की सूचना पर वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल छात्र-छात्रा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस से फरार ट्रैक्टर चालक की जल्द पहचान कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने दिया अनुशासन का संदेश, जनरल परेड का पुलिस लाइन रूद्री में हुआ आयोजन

# चयनित नव आरक्षकों के सेवाकाल की हुई पहली जनरल परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


जिले के चयनित नव आरक्षकों के सेवाकाल की पहली जनरल परेड पुलिस ग्राउण्ड रूद्री में हुई। एसपी द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण कर नव आरक्षकों को अनुशासन का संदेश दिया गया।

जनरल परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी सूरज सिंह परिहार ने नव आरक्षकों की शारीरिक क्षमता, परेड अनुशासन, वेशभूषा एवं समग्र प्रस्तुति का सूक्ष्म एवं गहन अवलोकन किया। एसपी ने नव आरक्षकों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समय पालन, एकरूपता एवं पुलिस बल की गरिमा बनाए रखने संबंधी आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस बल की पहचान उसका अनुशासन, आचरण एवं वेशभूषा होती है इससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान स्थापित होता है। अच्छे और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को इनाम व प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं कर्तव्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा खराब कार्य करने वाले अधिकारी-



कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासन में पाए जाने वाले निरीक्षक चन्द्रकांत साहू, एएसआई दिनेश चंदेल, प्रआ गिरीश नाग, दौलतराम मरकाम, आरक्षक भुवन भक्ता, सालिकराम, आरटी सिन्ना, भीमसेन साहू की सेवा पुस्तिका में प्रशंसा अंकित कर पुरस्कृत किया गया। वहीं निर्धारित मानकों के अनुरूप वेशभूषा में नहीं पाए जाने वालों पर एएसआई बीरेन्द्र बैस, आरक्षक शत्रुघन प्रसाद की सेवा पुस्तिका में निंदा की सजा दी गई। उन्हें भविष्य में सुधार के लिए सख्त हिदायत दी गई। एसपी ने नव आरक्षकों से अपेक्षा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी नव आरक्षक स्वयं को अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं आदर्श पुलिस कर्मी के रूप में तैयार करें। जनरल परेड निरीक्षण के दौरान डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, सभी थाना व चौकी प्रभारी, यातायात प्रभारी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### गंभीर चोट आने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम जेठेगांव के पास 18 नवंबर को हुई सड़क दुर्घटना में घायल जेठेगांव निवासी 20 वर्षीय सुमीत पटेल पिता गजेंद्र पटेल का मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली से अस्पताली पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए सत्यम का चयन

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के एनसीसी कैडेट अंडर अफसर सत्यम पांडे पिता वीरेंद्र पांडे का चयन गणतंत्र दिवस शिविर 2026 नई दिल्ली के लिए हुआ है। वे कर्तव्य पथ परेड में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि के लिए 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कांकेर के कमान अधिकारी कर्नल सुमीत शर्मा ने बधाई देते कहा कि सत्यम पांडे का चयन सभी कैडेटों के लिए प्रेरणा होगा। एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर नई दिल्ली का कैंप एनसीसी के मूल्यों को कायम रखने एवं सदैव राष्ट्र की सेवा करने को प्रेरित करता है।

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ ग्रहण 15 को

**कांकेर।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 08 मार्च 2026 तक 100 दिनों का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा न्यायालयों में 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त दिवस को जिले के समस्त विद्यालयों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पुलिस थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा न्यायालयों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मुरूमतरा निवासी 32 वर्षीय मन्नूरराम मरकाम पिता दशरथ मरकाम का डूबने से 3 जनवरी को मौत हो गया। मुरूमतरा निवासी 32 वर्षीय मनराखन मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक पानी में डूब गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ऐप से किसानों को धान बेचना हुआ आसान

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम बेवरती निवासी किसान अमित सोनवानी ने धान खरीदी केंद्र बेवरती में 13 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से स्वयं टोकन काटा, जिससे धान बेचने की पूरी प्रक्रिया बेहद सरल, तेज और सुविधाजनक रही।

### नेटवर्क की तलाश में जामगांव के ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा

**कांकेर ।** डिजिटल इंडिया के दौर में जहाँ एक क्लिक पर दुनिया सिमट आई है, वहीं कांकेर जिले का जामगांव आज भी नेटवर्क की तलाश में जूझता नजर आ रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि ग्रामीणों को इंटरनेट पकड़ने के लिए घरों की छतों पर चढ़ना पड़ रहा है। धीमी इंटरनेट रफ्तार अब यहाँ सिर्फ तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। जामगांव के ग्रामीणों का कहना है कि जरूरी ऑनलाइन काम निपटाने के लिए उन्हें घरों की छतों पर चढ़ना पड़ता है।

---

बॉल बैडमिंटन के युवा खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया कुरूद का मान

# स्वर्ण पदक विजेता नरेंद्र का हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम परखंदा के प्रतिभावान खिलाड़ी नरेंद्र कुमार ने एशिया बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय टीम से मेजबानी करते हुए खेल का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस खेल में नरेंद्र ने गोल्ड मेडल जीतकर नगर, जिले सहित समूचे छत्तीसगढ़ को गौरान्वित किया है।

गुरुवार को नरेंद्र का कुरूद नगर पहुंचते ही नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, पार्षद मनीष साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू सहित कांग्रेसियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

## क्षेत्र का हर युवा नरेंद्र जैसा सपना पाले

इस दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आज मेरा हृदय गर्व से भरा हुआ है। नरेंद्र ने केवल बॉल बैडमिंटन का मैच नहीं जीता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर कुरूद की शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया है। लोग कहते थे कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं को मंच नहीं मिलता, लेकिन नरेंद्र ने नेपाल में





तिरंगा फहराकर सबकी सोच बदल दी। यह मेडल सिर्फ धातु का टुकड़ा नहीं, बल्कि नरेंद्र के कड़े परिश्रम और परखंदा की माटी के संकल्प की महाविजय है। कुरूद का हर युवा आज अपनी आंखों में नरेंद्र जैसा सपना पाले।

उनकी इस उपलब्धि पर नरेंद्र के कोच और खेल शिक्षक गोपाल कुमार साहू, सरपंच माधुरी मोहित साहू, जिला बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. चम्पेश्वर सोनकर सहित खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 1 से 5 जनवरी तक नेपाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता

बता दें कि छत्तीसगढ़ से चयनित कुल 3 खिलाड़ियों में नरेंद्र धमतरी जिले से प्रतिनिधि कर रहे थे। यह प्रतियोगिता नेपाल की राजधानी काठमांडू में 1 से 5 जनवरी तक आयोजित की गई थी। नरेंद्र की आर्थिक स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत के आगे परिस्थितियों को कभी बाधा नहीं बनने दिया। नरेंद्र कक्षा 5वीं से ही बॉल बैडमिंटन के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर अब तक 5 बार शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, 3 बार ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी और 2 बार सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। साल 2014-15 में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के बाद से वे लगातार 10 बार नेशनल खेल चुके हैं और राज्य स्तर पर 15 पदक अपने नाम कर चुके हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले नरेंद्र ने 29 से 31 दिसंबर तक बिहार में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कोचिंग कैंप में हिस्सा लेकर बेहतर तैयारी की थी।

---

# मनरेगा का नाम बदलकर योजना को बंद करने की हो रही साजिश : तारिणी





- कांग्रेस जिला अध्यक्ष का मेघा, भरदा, परसवानी व मगरलोड में हुआ स्वागत
- एसआईआर को लेकर पेंशनर भवन में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड में कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर का प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ग्राम मेघा, भरदा, परसवानी व मगरलोड में पटाखे व बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए स्वागत किया। जिलाध्यक्ष के नगर प्रवेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत मगरलोड के बस स्टैंड में पटाखे के साथ नारेबाजी करते हुए फूलमाला से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। एसआईआर को लेकर पेंशनर भवन में बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर तारिणी चंद्राकर ने कहा कि आज भाजपा वालों को अब महात्मा गांधी से भी दिक्कतें होने लगी हैं। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी ( मनरेगा) नाम बदलकर जी राम जी रखा है। आज जनता को मनरेगा के तहत काम भी नहीं मिल रहा है। गरीब मजदूरों के लिए एक रोजगार का साधन था। मनरेगा नाम के विरोध को लेकर आप सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग की जरूरत है। इसकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लगेंगे। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार है। पिछले सालों से बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि की गई। गांव-गांव में शराब बेची जा रही है। रेत का अवैध कारोबार सांय-सांय हो रहा है। भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि दिखाई नहीं देती, डबल इंजन की सरकार केवल दिखावे की है।

# चावल उत्सव खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की ऐतिहासिक पहल : वीरेंद्र

- रजत जयंती चावल उत्सव का विकासखंड स्तरीय आयोजन मगरलोड में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का विकासखंड स्तरीय आयोजन विकासखंड मगरलोड में हुआ। यह कार्यक्रम 2 से 9 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड रहे। अध्यक्षता दिव्या ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड ने की। विशेष अतिथि फूड इंस्पेक्टर रीना साहू, ललित नेताम सरपंच थे।

मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित चावल उत्सव गरीब,



किसान एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। रजत जयंती वर्ष में इस प्रकार के आयोजन से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। सुश्री दिव्या ठाकुर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चावल वितरण शासन की प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम से हितग्राहियों को सीधे लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह, हितग्राही, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---

# ग्रामसभा के अभाव में समस्याओं का नहीं हो रहा निराकरण

- हिर्रीडीह में दस माह में एक बार भी नहीं हुई ग्राम सभा ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत हिर्रीडीह में 10 माह में एक बार भी ग्राम सभा नहीं आयोजित हुई जिसमें गांव की विभिन्न समस्याएं लंबित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में समय-समय





पर ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य है। यदि नियमित रूप से ग्राम सभा आयोजित की जाती, तो पेयजल, स्वच्छता सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को पंचायत स्तर पर ही उठाकर समाधान कराया जा सकता था।

ग्रामीणों ने बताया कि अब तक ग्राम पंचायत हिर्रीडीह में नियम अनुसार ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया है। ग्राम सभा के अभाव में ग्रामीण अपनी समस्याएं पंचायत के समक्ष नहीं रख पा रहे हैं, जिससे जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे लंबे समय से लंबित बने हुए हैं। ग्रामीण अमरचंद नेताम, कलाबाई, संगीता नेताम, राजेश्वर नेताम, दीना नेताम, राधा नेताम, महेश्वरी नेताम ने मांग की है कि नियमित रूप से ग्राम सभा का आयोजन किया जाए, ताकि गांव की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं सहभागिता के साथ हो सके। इस विषय पर सरपंच से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि एक बार ग्रामसभा आयोजित की गई थी। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ ने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। पंचायत से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

# चावल उत्सव में हितग्राहियों की ई-केवाईसी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उचित मूल्य की दुकान रांकाडीह में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। मौके पर सरपंच भोजराम साहू, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी शत्रुहन लाल साहू, पंचगण, निगरानी समिति के सदस्य, अंत्योदय कार्डधारी, प्राथमिकता कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी उपस्थित रहे। हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव के अवसर पर माह जनवरी का चावल, शक्कर, अमृत नमक राशनकार्ड के पात्रता अनुसार वितरण किया गया। हितग्राहियों की ई-केवाईसी भी की गई। ई-केवाईसी के लिए बचे हितग्राहियों को जल्द ही आधार अपडेट करवाने कहा है।

---

# मानवतावादी थे सद्गुरु कबीर साहेब : संत परीक्षा





हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

ग्राम कोलियारी स्थित मुटाना आश्रम के दो दिवसीय वार्षिक कबीर विचार सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए अयोध्याधाम से पहुंचे हुए मुख्य प्रवक्ता संत परीक्षा साहेब ने कहा कि कबीर साहेब, कपिल, गौतम, बुद्ध और महावीर भारतीय इतिहास के अद्भुत, विलक्षण महापुरुष थे जिन्होंने मानव समाज में मानव की गरिमा को स्थापित किया। मनुष्य को पुरुषार्थी बनने के लिए प्रेरित किया। अवध साहेब ने अथर्ववेद के मंत्र का अर्थ बताते हुए कहा कि गुरुजनों का आधार लेते हुए अपने कल्याण मार्ग पर बढ़ने का सत्पुरुषार्थ करना चाहिए। कार्यक्रम में संत मुक्तिशरण साहेब, सरल साहेब, पंचम साहेब, सुयश साहेब, कोमल साहेब, ब्रह्म देव साहेब, क्षेमेंद्र साहेब, साध्वी प्रगति साहेब, साधना साहेब, ऋतु साहेब, रविन्द्र साहेब, कन्हैया साहेब समेत बड़ी संख्या में सत्संगी मौजूद थे।

# डांडेसरा में चावल उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर जिले सहित पूरे प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों में 2 से 9 जनवरी तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम डांडेसरा सहित भालुझूलन, कन्हारपुरी, भुसरेंगा, सेमरा डी एवं सेनचुवा के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। हितग्राहियों को जनवरी माह का चावल, शक्कर व नमक वितरण किया गया तथा ई-केवाईसी भी पूर्ण की गई। इस अवसर पर डांडेसरा सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी





चन्द्राकार, वार्ड पंच देवकी जांगड़े, आसीन दीवान, कमलेश्वरी साहू, संजय जोशी, टिकेश्वर साहू, शोभित साहू, रामप्रसाद कंवर, इतवारी साहू, बंशी नागे, भगवान कंवर, द्रौपदी कंवर, भगवती साहू, मंजू कंवर, हेमलता साहू, बजंती साहू, चंद्रकांता कंवर उपस्थित थे।

---

**मशीन पोर्टल में चना प्रदर्शित नहीं होने से उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा लाभ**

# ब्लॉक की कई राशन दुकानों में चना वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में इन दिनों चना वितरण नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकानों में चावल, नमक एवं शक्कर का वितरण तो किया जा रहा है, लेकिन चना उपलब्ध होने के बावजूद भी प्रदान नहीं किया जा रहा है। जब इस संबंध में संबंधित सेल्समेन से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि हमारे मशीन पोर्टल में चना





प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिसके कारण वितरण संभव नहीं है। वहीं कुछ स्थानों पर जनवरी माह का चना पोर्टल में दिखाई देने के बावजूद भी वितरण नहीं किया गया।

कौहाबाहरा एवं करैहा गांव की शासकीय उचित मूल्य दुकानों से जुड़े ग्रामीणों राजकारण मरकाम, चिंटू मरकाम, चन्द्रबती कुंजाम, विजय बट्टी, सुखबती मरकाम, भुनेश्वर मरकाम, चंद्रिका मरकाम, रीना मरकाम ने बताया कि दिसंबर माह का चना दुकानों में पहुंच चुका है, लेकिन तकनीकी कारणों से वितरण रुका हुआ है।

सेल्समेनों का कहना है कि सर्वर एवं नेटवर्क की समस्या के कारण ई-पॉस मशीन से राशन वितरण में काफी समय लग रहा है। एक हितग्राही को राशन देने में 20 से 30 मिनट तक का समय लग रहा है, जिससे दुकानों में भीड़ बढ़ रही है। ग्रामीणों एवं दुकानदारों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में मोबाइल टावर की रेंज बढ़ाई जाए, ताकि नेटवर्क समस्या का समाधान हो सके।

इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी श्री चंदेल से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि धमतरी जिले में वितरण प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जबकि अन्य जिलों में अभी शेष है। सभी जिलों में वितरण पूर्ण होने के बाद ही राज्य शासन द्वारा पोर्टल को पुनः चालू किया जाएगा। पोर्टल खुलते ही शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चना का वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# रावणगुड़ा में समाज सेवक की विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम रावणगुड़ा में बाल समाज में पिछले 20 वर्षों से सेवा देने के बाद 70 वर्षीय आशाराम साहू पिता मंगलराम साहू सेवानिवृत्त हुए। बाल समाज के लोगों ने गुलाल लगाकर शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान के साथ उन्हें विदाई दी। साथ ही नये समाज सेवक के रुप में डिकेन्द्र साहू पिता चैतूराम साहू को नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर बाल समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार, मोहन साहू, शीतल साहू, अमरसिंग साहू, शांतनु यादव, परमेश्वर यादव, आकाश साहू, प्रमोद साहू समेत बाल समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### छग के किसानों ने दी कृषि को नई ऊंचाई



**धमतरी।** छग के रजत जयंती वर्ष पर चावल महोत्सव मनाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद खाद्य विभाग के अध्यक्ष पिंटू यादव ने कहा कि यदि वास्तव में कोई अन्नदाता के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है तो वह हमारे छत्तीसगढ़ के किसान हैं जिन्होंने कृषि को एक नई ऊंचाई दी। अपने श्रम और ऊर्जा लगाकर लोगों का पेट भर रहे हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी ने कहा कि चावल वितरण पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल की एक स्वर्णिम योजना रही है जिसके कारण छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिली। मौके पर पार्षद शैलेन्द्र रजक, प्रबंधक भूपेंद्र साहू, निलेश चंद्राकर, वैभव कोरटिया, बीरेंद्र कुमार ध्रुव उपस्थित थे।

### दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** छग निःशक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की वार्षिक बैठक कुरुद में हुई। विशिष्ट दिव्यांग अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। शासन दवारा प्रदत्त 2016 अधिनियम की जानकारी देते हुए दिव्यांगजनों के लिए वाहन भत्ता बढ़ाने, अन्य राज्य की तुलना में पेंशन में वृदधि तथा पदोन्नति आरक्षण के नियमों को सभी विभागों दवारा सतत जारी रखने के लिए शासन से पत्राचार की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विशिष्ट दिव्यांग अधिकारी सीएम दीक्षित प्रांताध्यक्ष सिचाई विंभाग, महेश साहू कोषाध्यक्ष उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. रवि पटेल, डॉ. कदम, डॉ. हितेश्वर वर्मा, श्री भोई, हेमलाल वर्मा, सीएल चंद्राकर, एचके साहू, सीएल धीवर, शंकरलाल, चमेली नेताम, यूसूफ खान और उत्तम साहू उपस्थित थे। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी।

### हितग्राही और लाभार्थीमूलक कार्यों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश

**धमतरी।** नगर निगम के मेयर इन काउंसिल में सामान्य प्रशासन एवं विधि विधायी विभाग की अध्यक्ष हिमानी भागवत साहू ने निगम कार्यालय में पहुंचने वाले हितग्राहियों और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता अपनी समस्याओं और आवश्यक कार्यों को लेकर जब कार्यालय तक आती है, तो उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना निगम प्रशासन का दायित्व है। श्रीमती साहू ने कहा कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक को सहज, सरल और सुगमता के साथ सुविधा प्रदान की जानी चाहिए तथा कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और नगर निगम के महापौर रामू रोहरा द्वारा जनता के हित में किए जा रहे विकास कार्यों को गति देना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें, ताकि नगर निगम की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।



### कहार भोई समाज ने भवन निर्माण के लिए मांगा आर्थिक सहयोग



**कुरुद।** 8 जनवरी को सीएम हॉउस रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में स्थानीय छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने कुरुद में अपने समाज की जमीन पर भवन निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग की मांग की। समाज के अध्यक्ष सोहन कश्यप ने आवेदन दिया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग को पूरा करने कर आश्वासन दिया। मौके पर समाज के प्रतिनिधि सचिव खूबलाल नाग, हृदय भूषण कहार, कोमेश्वर नाग, रितेश कश्यप उपस्थित थे।

### जिले में 10 से 24 जनवरी तक आर्मी भर्ती रैली राज्य भर से 8,999 अभ्यर्थी भाग लेंगे

- जिला प्रशासन ने की बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए रुकने की निःशुल्क व्यवस्था

**धमतरी।** संचालक आर्मी भर्ती रैली एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आर्मी भर्ती रैली का आयोजन 10 से 24 जनवरी तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में किया जा रहा है। इस आर्मी भर्ती रैली में संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 8,999 अभ्यर्थी भाग लेंगे। रैली के दौरान सामान्य अग्निवीर एवं तकनीकी अग्निवीर पदों के लिए अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सीय परीक्षण संपन्न कराया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर भर्ती रैली के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत रैन बसेरा जिला अस्पताल परिसर, सोनकर भवन रामबाग, राखेचा भवन तथा साल्हेवार पारा धमतरी में अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला प्रशासन एवं आर्मी भर्ती रैली के अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने रैली एडमिट कार्ड में उल्लेखित तिथि एवं समय के अनुसार निर्धारित स्थल पर उपस्थित हों एवं सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

### बेंद्रानवागांव में हुई सरपंच संघ की बैठक

**धमतरी।** ग्राम पंचायत बेंद्रानवागांव में धमतरी ब्लाक स्तरीय सरपंच संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें 25-26 की वित्त राशि, मनरेगा पंजीकृत मजदूरों अंतर्गत आवंटन राशि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व अन्य पेंशन की नियमावली बनाई गई। उसे शिथिल करते हुए संबंधित व्यक्ति की परिस्थिति के आधार पर पेंशन निर्धारण व पात्र करने का आदेश ग्राम पंचायत को देने, पंच, सरपंच का मानदेय आदि मांगों पर पुनः विचार कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं धमतरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं धमतरी को ज्ञापन सौंपा गया।

उड़नदस्ता दल ने उपार्जन केन्द्र सियारीनाला में की कार्रवाई

# नीराबाई के नाम जारी टोकन में उनके परिचित ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं फर्जी बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले में गठित तहसील एवं जिला स्तरीय उड़नदस्ता दलों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक अवैध धान भंडारण के 140 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7558.9 क्विंटल धान एवं 3 वाहन जप्त किए गए हैं। वहीं, जिले में संचालित राइस मिलों में छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 के उल्लंघन के मामलों में 22,856.8 क्विंटल धान जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इसी क्रम में उड़नदस्ता दल द्वारा बीते दिन उपार्जन केन्द्र सियारीनाला में ऋण पुस्तिका, टोकन, बोए गए धान, तौल पत्रक, धान की मात्रा, किस वाहन में धान लाए, उसका गेटपास आदि के परीक्षण के दौरान नीराबाई पति पीलूराम निवासी बीजापुर के प्रकरण में अनियमितता पाई गई। नीराबाई के नाम जारी 70.40 क्विंटल के टोकन में उनके परिचित के व्यक्ति द्वारा 36 क्विंटल धान की बिक्री की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि नीराबाई के नाती द्वारा अपने जीजा का धान उनके पट्टे में बेचा जा रहा था। उक्त धान को जप्त कर उपार्जन केंद्र के ऑपरेटर के सुपुर्द किया गया।



कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अंतिम 15 दिनों में है। ऐसे में कुछ अवसरवादी तत्व भोले-भाले किसानों की मजबूरी का लाभ उठाकर शासकीय राशि में सेंध लगाने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उपार्जन केंद्र सियारीनाला में अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी एवं डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम की टीम द्वारा किसानों की ऋण पुस्तिका, टोकन, बोये गए धान, तौल पत्रक, धान की मात्रा, परिवहन वाहन एवं गेटपास आदि का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी कि वे अपनी मेहनत की कमाई से किसी भी अन्य व्यक्ति या कोचियों को अनुचित लाभ न लेने दें तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करें। साथ ही उपस्थित किसानों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही अपर कलेक्टर द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय राजस्व, खाद्य, सहकारिता विभाग के अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी, पटवारी, सरपंच एवं धान बेचने वाले किसान उपस्थित थे।

## शिवालय वह स्थान है जहां मन को एकाग्रता और शांति मिलती है : गिरि बापू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

देऊरपारा के कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरि बापू का श्री शिव महापुराण कथा जारी है।

कथा के पांचवें दिन गिरि बापू ने बिल्व वृक्ष और शिवलिंग पूजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर शिव पूजन करने, परिक्रमा करने तथा मिट्टी के शिवलिंग की पूजा से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। बापू ने कहा कि बिल्व वृक्ष के नीचे एक माला जप करने से करोड़ों पुण्य के समान फल मिलता है तथा वहां बैठकर राम-शिव स्मरण करने से समस्त तीर्थों के दर्शन का फल प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नव कार्यों के शुभारंभ से पूर्व बिल्व पत्र से जलाभिषेक करने और शिवालय निर्माण में सहभागिता का संदेश दिया। बापू ने कहा कि शिवालय वह स्थान है जहां मन को एकाग्रता और शांति मिलती है तथा भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं।



कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालुओं ने प्रवचन को भावपूर्वक श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन में आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव, वैदिक आचार्य नारायण प्रसाद पाठक, वैदिक आचार्य हुपेश पाठक, शिव भक्त मिथिलेश केसरवानी, प्रेरणा संत मुकेश बाबा समेत क्षेत्रवासियों का सहयोग मिल रहा है।

## मौत को दावत दे रहा बोहारा चौक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

गुरुर विकासखंड अंतर्गत बालोद जिले के बोहारा चौक की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। आमदी से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित यह चौक दो प्रमुख मार्गों को जोड़ता है, जहां से एक रास्ता दुर्ग राजनांदगांव की ओर तथा दूसरा भिलाई पाटन की ओर जाता है। बावजूद इसके प्रशासन की अनदेखी के कारण यह चौक अब दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है।

चौक के दोनों ओर सड़क किनारे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के चलते यहां कई बार वाहन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि धमतरी की ओर से रेत भरकर आने वाले हाईवा वाहन रातभर यहीं खड़े रहते हैं। वाहन चालकों के सो जाने के दौरान रेत से टपकने वाला पानी सड़क किनारे लगातार गिरता रहता है, जिससे सड़क कमजोर होकर पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। वर्तमान स्थिति ऐसी है कि गड्ढों में पानी भर जाने से ऐसा प्रतीत होता है मानो हाल ही में तेज बारिश हुई हो।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बोहारा चौक की तत्काल मरम्मत कराई जाए और रेत से भरे वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## सहायक शिक्षक तीन माह से अनुपस्थित



- एक शिक्षक के भरोसे चल रही प्राथमिक शाला बरोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्राथमिक शाला बरोली में एक सहायक शिक्षक (एलबी संवर्ग) विगत तीन माह से अधिक समय से विद्यालय में अनुपस्थित हैं। शिक्षक की लगातार अनुपस्थिति के कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक संतोष कुमार नाग ने बताया कि संबंधित सहायक शिक्षक से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, जिस पर उनके द्वारा मौखिक रूप से तबीयत खराब होने की जानकारी दी जाती है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की लिखित सूचना या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में संकुल समन्वयक को अवगत कराते हुए उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की सूचना दी गई है। वर्तमान में विद्यालय में मात्र एक शिक्षक एवं एक सेवा प्रदाता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है। सीमित स्टाफ के कारण कक्षा संचालन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने का आवेदन प्राप्त हुआ है साथ ही वेतनमान रोकने की बात कही है।

## स्वर्ण पदक विजेता नरेंद्र का विधायक ने किया स्वागत



- विश्व पटल पर कुरुद का नाम गूंजना गर्व की बात है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नेपाल में 1 से 5 जनवरी तक आयोजित बॉल बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल कुरुद क्षेत्र के युवा खिलाड़ी नरेन्द्र कुमार ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय पटल पर दुनिया भर के खिलाड़ियों को परास्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विदेश से लौटने पर विधायक अजय चन्द्राकर ने उनका स्वागत किया।

शुक्रवार को कुरुद स्थित विधायक निवास में परखंदा के नरेंद्र का अभिनंदन करते हुए विधायक श्री चन्द्राकर ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि नेपाल की धरती पर कुरुद का नाम गूंजना हर क्षेत्रवासी के लिए गौरव का विषय है। नरेंद्र ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया कि ग्रामीण प्रतिभाएं यदि ठान लें, तो सात समंदर पार भी भारतमाता का मान बढ़ा सकती है। नरेंद्र की जीत केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि यह उन तमाम युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज है जो खेल में अपना भविष्य तलाश रहे हैं।

## भखारा बाईपास के लिए मिली प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- टेंडर के बाद जल्द शुरू होगा कार्य

भखारा नगर के लिए बहुप्रतीक्षित बाईपास सड़क निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के साथ ही भखारा में लगभग 4 किलोमीटर लंबे बाईपास के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 14 करोड़ 94 लाख 9 हजार रुपये की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। यह उपलब्धि पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के विशेष प्रयास का परिणाम है, जिनके सतत पहल से वर्षों से लंबित भखारा बाईपास परियोजना को हरी झंडी मिली। बताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही बहुत जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि भखारा बाईपास सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2012-13 से अधूरा पड़ा हुआ था, जिससे नगरवासियों को लगातार यातायात, जाम एवं दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बाईपास के निर्माण से नगर के भीतर यातायात दबाव कम होगा तथा आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगा। प्रशासनिक स्वीकृति की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षदगण एवं नगर के नागरिकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। सभी ने इस बहुप्रतीक्षित योजना के मूर्त रूप लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भखारा नगर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। नगरवासियों का मानना है कि बाईपास सड़क बनने से व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी तथा वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी।



## यूथ हॉस्टल ने अंगिरा ऋषि पर्वत में की ट्रेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



यूथ हास्टल एसोएशिन धमतरी द्वारा अंगिरा ऋषि पहाड़ में ट्रेकिंग रखी गई। इस यात्रा को महापौर रामू रोहरा ने सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रैक में धमतरी सहित कुरूद, भिलाई, रायपुर सहित अन्य जगह से 70 लोग शामिल हुए। ट्रेकिंग दल के लिए ग्राम रतावा स्थित प्राचीन अंगिरा ऋषि मंदिर को बेस कैंप बनाया गया था। यह ट्रैक केवल पदयात्रा नहीं थी, बल्कि टीम द्वारा प्रतिभागियों को जंगल की कठिन परिस्थितियों में कैसे रहना है, इसके गुर भी सिखाए। दुर्गम पहाड़ियों के बीच समुद्र तल से हजारों फीट ऊंचे अंगिरा ऋषि की तपोस्थली में जब ट्रेकर पहुंचे तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पहाड़ी से उतरने के बाद बेस केम्प में केम्प फायर का आयोजन किया गया। प्रकृति के बीच बिताए इन पलों ने न केवल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें जंगल में सुरक्षित रहने का ज्ञान दिया। इस कार्यक्रम में चेयरमैन हुकुम चंद जैन, सचिव सुबोध महावर और अध्यक्ष रमेश देव की मुख्य भूमिका रही। रतावा पहुंचने पर सरपंच श्रीदेव एवं कृष्ण कुमार मरकाम ने दल का आत्मीय स्वागत किया। इस ट्रैक में जहां 3 साल की नन्ही बालिका आद्या महावर ने अपनी ऊर्जा से सबका मन मोह लिया, वहीं 70 वर्ष की आयु के 6 बुजुर्गों ने भी इस कठिन दुर्गम रास्ते को सफलतापूर्वक पूरा कर युवाओं के लिए प्रेरणा पेश की। इस आयोजन में डॉ. भूपेंद्र साहू, डॉ. भूपेंद्र सोनी, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. कृति महावर, डॉ. शेषनारायण चंद्राकर, डॉ. प्रीति वर्मा, योगेश गुप्ता, धनंजय सोनकर, हेमंत डेकाटे, भरत पांडे, माधवी लता, शंकर दास, पीसी चौधरी, नवीन साहू, डॉ. शक्ति वर्मा, एकता सिंग, गोपाल ताम्रकार समेत अन्य शामिल हुए।

### रजत जयंती चावल उत्सव पर हुई हितग्राहियों की ई-केवाईसी

**आमदी(धमतरी)।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकान नगर पंचायत आमदी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया। मौके पर नपं उपाध्यक्ष कोमल यादव, मुरली साहू, चेतन लाल साहू, मोहित साहू, छबिलाल साहू, बालमुकुंद साहू एवं प्राथमिकता कार्डधारी, अंत्योदय कार्डधारी, निराश्रीत कार्डधारी, सामान्य कार्डधारी, निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव के अवसर पर माह जनवरी का चावल, शक्कर, नमक का वितरण किया गया।

कलेक्टोरेट में सड़क सुरक्षा को लेकर भारी वाहन यूनियन के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में भारी वाहन यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान, अन्य अधिकारी और भारी वाहन, बस, ट्रैक्टर-ट्रॉली यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में भारी वाहन, बस परिचालन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालन से संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में भारी वाहनों के संचालन में ओवरस्पीड एवं ओवरलोडिंग पर सख्त नियंत्रण, निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन, वाहन की नियमित फिटनेस जांच, ब्रेक, लाइट एवं रिफ्लेक्टर की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। रात्रिकालीन संचालन में विशेष सावधानी बरतने तथा नशे की हालत में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध की बात भी कही गई।



**ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालन पर नियम**

ट्रैक्टर-ट्रॉली से सवारी ढोने पर पूर्ण प्रतिबंध, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण, मुख्य मार्गों पर संचालन के नियमों का पालन, रिफ्लेक्टर, रेडियम टेप एवं लाइट की अनिवार्यता तथा रात्रिकालीन संचालन में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। केवल वैध लाइसेंसधारी चालकों द्वारा ही वाहन संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

**बस परिचालन पर विशेष फोकस**

बस संचालन में गति सीमा का पालन, सुरक्षित ओवरटेकिंग, निर्धारित स्टॉपेज एवं समय-सारणी के अनुसार संचालन, चालक-परिचालकों के अनुशासित व्यवहार तथा नियमित फिटनेस जांच पर जोर दिया गया। रात्रि एवं लंबी दूरी की बसों में अतिरिक्त सावधानियां बरतने, किराया सूची को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने तथा महिला, वृद्धजन एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए निर्धारित सीटों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निःशुल्क यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने पर भी बल दिया गया।

## आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 7 फरवरी है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आवेदन फॉर्म संबंधी जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी राज्य के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### धान का उठाव कम होने से केंद्रों में जाम की स्थिति : घनाराम



**धमतरी।** किसान संगठन के जिला अध्यक्ष घनाराम साहू ने कहा कि सरकार द्वारा सोसाइटियों में किसानों का समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। धान खरीदी लगभग 2 महीने पूरे होने को है लेकिन अभी तक अधिकांश सोसाइटियों में धान का उठाव कम हुआ है जिसके कारण सोसाइटियों में जाम की स्थिति कभी भी उत्पन्न हो सकता है। धान का उठाव नहीं होने से सूखत की भी समस्या आती है जिनका भरपाई सोसाइटी में किसानों के माध्यम से भी की जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया है कि सोसाइटियों को नुकसान से बचाने एवं व्यवस्थित रूप से किसान धान विक्रय कर सके, इसके लिए तत्काल धान का उठाव करने अपने अधिकारियों को आदेशित करें ताकि सुगमता से सोसाइटियों का संचालन हो सके।

### त्रि दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता 12 से होगी

**धनेलीकन्हार।** ग्राम तेलावट में प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी राज्यस्तरीय त्रि दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से होगा, जिसमें राज्य की ख्याति प्राप्त मानस मंडलीय भाग लेंगी। प्रतिदिन 9 मानस मंडलिया अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ होगा व कलश यात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ हो कर ग्राम भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल में पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में कलश सजाओ, आरती थाल सजाओ, सुनो गुनो प्रतियोगिता भी होंगी। कार्यक्रम को लेकर समिति के अध्यक्ष सियाराम सलाम, उपाध्यक्ष पारस टावरी, नेपाल सलाम, कोमल खरे, मिलाउ कावड, शेखर साहू, दिलेश्वर हिरवानी, हर्ष चुरेंद्र, मोहित टावरी व कुम्भज हिरवानी शामिल रहे।

### प्रधान डाकघर में आज आधार शिविर होगा

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर कांकेर और कोरर उपडाकघर में आज 10 जनवरी शनिवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता के लिए राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मधुमक्खी काटने एवं नाला में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में मृतक के आश्रितों लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। दुर्गुकोंदल तहसील अंतर्गत ग्राम हाहालद्दी निवासी 50 वर्षीय अजमु राम नरेटी की मधुमक्खी काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित रैनीबाई नरेटी के लिए चार लाख तथा ग्राम कोसपराली निवासी 55 वर्षीय राजाराम कोवाची की नाला में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में पत्नी रिंगायबाई कोवाची के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

---

कुरूद आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का निरीक्षण

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विकासखंड कुरूद के कुरूद आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का संयुक्त एवं आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता से संबंधित सेवाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर जमीनी स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी, जिला पोषण समन्वयक, पोषण हस्तक्षेप हेतु राज्य उत्कृष्टता केंद्र, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के विशेषज्ञ तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा सत्र के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की सहभागिता, टीकाकरण सेवाएं, प्रसव-पूर्व एवं प्रसव-पश्चात जांच, वजन मापन, पोषण परामर्श तथा स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता गतिविधियों का अवलोकन किया गया।





इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं, पूरक पोषण आहार का वितरण, अभिलेख संधारण तथा बच्चों एवं महिलाओं के नियमित वजन एवं लंबाई मापन की स्थिति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी, कुपोषित बच्चों की पहचान, समय पर संदर्भण, पोषण परामर्श तथा मोबाइल अनुप्रयोग एवं नियंत्रण पटल में प्रविष्ट आंकड़ों की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि हमर स्वस्थ लइका अनुप्रयोग का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक बच्चे की नियमित निगरानी की जाए, जिससे कुपोषण की शीघ्र पहचान एवं समय पर आवश्यक हस्तक्षेप संभव हो सके।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा मातृ एवं शिशु पोषण में सुधार हेतु प्रमाण-आधारित तकनीकी सुझाव दिए गए, वहीं संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के प्रतिनिधियों द्वारा समुदाय स्तर पर सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें संतुलित आहार, स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के उपयोग, आयरन-फोलिक एसिड सेवन, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

---

# बंदोबस्त में त्रुटि होने से किसानों की जमीन घटी



- आपसी विवाद : पटवारी तहसील कार्यालय के चक्कर से मुक्ति दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुरूद विखं के ग्राम गणेशपुर के किसान रकबे में त्रुटि होने से परेशान हैं। किसानों के बीच आपसी विवाद और पटवारी, तहसील आफिस का चक्कर काटने से मुक्ति दिलाने की मांग कलेक्टर से की गई है।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत गणेशपुर/गदहीडीह के सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे किसान प्रेमलाल विश्वकर्मा ने बताया कि पुराने रिकार्ड में उसकी कृषि जमीन 90 डिसमिल थी। वर्तमान रिकार्ड में इसे 80 डिसमिल बताया जा रहा है। परदेशीराम साहू ने कहा कि पुराने रिकार्ड में 62 डिसमिल जमीन थी जो अब 40 डिसमिल हो गई है। खेमनलाल साहू ने बताया कि उनके नाम साढ़े तीन एकड़ जमीन थी। अब उसमें खोवालाल बघेल का नाम बता रहा है। पीड़ित किसानों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गदहीडीह पहन 34 का पूर्व में बंदोबस्त हुआ था जिसमें गांव के करीब 50 किसानों का नक्शा, खसरा त्रुटिपूर्ण है जिसके कारण किसानों में विवाद हो रहा है। इसके सुधार के लिए पटवारी तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। त्रुटि की जानकारी बी-वन, खसरा निकालने के दौरान हो रही है। किसानों ने कलेक्टर से त्रुटि सुधार कराने की मांग की है।

---

# मां अंगारमोती धाम में होगा 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह



- बैठक में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने 14 एवं 15 अप्रैल को विवाह कराने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक गोंडवाना गोंड महासभा के सभा हाल में हुई। बैठक में समाज द्वारा 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इनमें 51 जोड़े धमतरी जिले से लिए जाएंगे, वहीं अन्य जिलों से भी जोड़े शामिल करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया कि सामूहिक विवाह 14 एवं 15 अप्रैल को मां अंगारमोती धाम में आयोजित किया जाएगा। इस सामाजिक आयोजन के संचालन एवं समाज के सामाजिक निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु महिला प्रभाग को अधिकृत किया गया।

जिला अध्यक्ष गोंड समाज ने बताया कि सामूहिक विवाह के उद्देश्य, इसके सामाजिक एवं आर्थिक लाभों को लेकर मुंडा, परिक्षेत्र एवं ग्राम स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित कर समाज को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में जीवराखन मरई, माधवसिंह ठाकुर, ओंकार सिंह नेताम, श्यामलाल नेताम, शिव नेताम, ललित ठाकुर, संतोष सोरी, तेजराम छेदैहा, चंद्रकला नेताम, प्रेमलता नेताम, ईश्वरी नेताम, भूमिका कोराम, पूजा कुंजाम, रवि गौतम, ईश्वरी नेताम, रोमी ध्रुव सहित ग्राम सलोनी के सरपंच एवं अन्य समाजजन उपस्थित थे।

---

# अटल आवास की सीढ़ी गिरने से महिला-बच्चा घायल

- निगम सभापति ने डॉक्टरों से पीड़ितों के स्वास्थ्य की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोरिद वार्ड (डिपोपारा) स्थित अटल आवास में सोमवार की दोपहर अचानक सीढ़ी ढह जाने से एक महिला और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही नगर निगम की सभापति (स्पीकर) श्रीमती कौशल्या देवांगन तुरंत मौके पर पहुंचीं और पूरी स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य निलेश लुनिया, पार्षद अखिलेश सोनकर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत तथा निगम की इंजीनियर



नमिता नागवंशी भी मौजूद रहीं।

निरीक्षण के दौरान सभापति ने अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए घायलों को तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद नागरिकों से चर्चा कर घटना की परिस्थितियों की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

हादसे के बाद घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सभापति कौशल्या देवांगन स्वयं जिला अस्पताल पहुंची और डॉक्टरों से महिला एवं बच्चे की स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित महिला को आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई।

सभापति ने बताया कि अटल आवास की जर्जर स्थिति को लेकर पूर्व में भी नगर निगम द्वारा निरीक्षण किया गया था। आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन के शेष हिस्सों की सुरक्षा जांच प्राथमिकता से की जाए।

### समाजसेवी पं. राजेश शर्मा ने की पीड़ितों की आर्थिक मदद

अटल आवास की सीढ़ी गिरने से घायल महिला एवं उसकी बच्ची का उपचार शासकीय अस्पताल में चल रहा है। इसकी जानकारी लगने पर उनका हाल-चाल जानने धर्म प्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिन्टू यादव, कुलेश सोनी, हिमानी साहू जिला अस्पताल पहुंचे तथा डॉक्टर खालसा से स्वास्थ्यगत स्थिति से अवगत हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंडित राजेश शर्मा ने उन्हें तत्काल सहयोग राशि उपलब्ध कराई।



---

# लॉ कॉलेज के साथ बनेगी अत्याधुनिक लाइब्रेरी

- ई-बुक्स, ऑनलाइन रिसर्च डाटाबेस, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी डिजिटल सामग्री रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में उच्च शिक्षा को मजबूत आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में लॉ कॉलेज की स्थापना और 200 सीटर डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस परियोजना से जिले के लगभग 3 हजार विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। डिजिटल लाइब्रेरी को आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। यहां विद्यार्थियों को ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ऑनलाइन रिसर्च डाटाबेस, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी डिजिटल सामग्री, कंप्यूटर और हाई-स्पीड वाईफाई की सुविधा उपलब्ध होगी। यह केंद्र स्वअध्ययन, शोध कार्य और तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा।

डिजिटल लाइब्रेरी का कुल क्षेत्रफल 653.12 वर्ग मीटर होगा, जिसमें 112 सामान्य अध्ययन सीटें और 88 डिजिटल सीटें शामिल रहेंगी। लाइब्रेरी में रीडिंग रूम, ग्रुप डिस्कशन सेक्शन और ई-लर्निंग जोन बनाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को शांत, अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण मिलेगा। इसे प्रतिदिन 12 से 18 घंटे तक खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत आएगी। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी एक सशक्त अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करेगी। इससे विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। प्रस्तावित लॉ कॉलेज की स्थापना से जिले के छात्रों को विधि शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे और जिले में शैक्षणिक माहौल को नई ऊर्जा मिलेगी। यह पूरी पहल धमतरी को एक मॉडल एजुकेशनल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

---

# भगवान शिव त्याग, तप, सेवा और समर्पण के प्रतीक : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) में बाबूराम साहू सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन दिवस अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने व्यासपीठ को सादर प्रणाम किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कथावाचक पंडित शिवानंद महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही शिव महापुराण कथा का श्रवण किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि शिव महापुराण कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। भगवान शिव त्याग, तप, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। शिव की आराधना से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और संतुलन



आता है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब शिव महापुराण जैसी कथाएं हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। मौके पर सरपंच श्रीमती आशनी साहू, उपसरपंच चोखा देशमुख, लक्ष्मीनारायण साहू, भागवत साहू, गोवर्धन साहू, महितोष साहू, परितोष साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

# साहू समाज सरल, शांतिप्रिय और समावेशी समाज है : लेखराम

- कुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित राजिम जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राजिम जयंती पर 7 जनवरी को राजिम के कुलेश्वर महादेव मंदिर



परिसर में साहू समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री थे। अध्यक्षता ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री ने की। विशिष्ट अतिथि तोखन साहू, केंद्रीय राज्य मंत्री एवं अरुण साव, उपमुख्यमंत्री, श्रीमती रमशीला साहू पूर्व मंत्री, विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू समाज तथा थानेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली एवं कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि साहू समाज एक सरल, शांतिप्रिय और समावेशी समाज है, जो संख्या में अधिक होने के बावजूद सभी समाज के विकास के बारे में सोचता है। साहू समाज से विधायक, मंत्री, केंद्रीय राज्यमंत्री, पंच, सरपंच एवं जिला पंचायत स्तर तक अनेक जनप्रतिनिधि विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं।





उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था को लेकर डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि किसानों के रकबे में कटौती किए जाने के कारण समय पर टोकन नहीं कट पा रहे हैं, जिससे किसानों को धान बेचने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में अनियमितताएं हैं तथा टोकन व्यवस्था में खामियों के चलते केंद्रों में क्षमता से अधिक धान के बोरे जमा हो गए हैं।

धान का उठाव समय पर नहीं होने से धान राइस मिलों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण राइस मिलर्स एफसीआई तक चावल समय पर नहीं पहुंचा पा रहे हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिजली बिल हाफ योजना, युवाओं को रोजगार भत्ता तथा किसानों को 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उचित मूल्य दिया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान का जो समर्थन मूल्य मिल रहा है, वह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की देन है।

---

### परसट्टी में मड़ई आज, नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा की प्रस्तुति होगी

**सिर्री।** ग्राम परसट्टी (धूमा) में स्टूडेंट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 10 जनवरी शनिवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए शिव भोला नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने दी।







